# अवैध गतिविधियों का कारोबार जोरों पर

**खास बातें**

- बासौदा में चल चौक चौराहों पर बिक रहे मादक पदार्थ
- पुलिस प्रशासन नहीं करती कार्रवाई




नवभारत न्यूज
**16 फरवरी गंजबासौदा, नगर में सट्टे का कारोबार भी धड़ल्ले से चल रहा है.खुलेआम सट्टे की पर्ची ली जाती है.दुकानों पर बैठकर इसके साथ गांजा अफीम देसी विदेशी शराब भी खूब बिक रही है. रातों में नगर के चारों तरफ कॉलोनी, बेतवा नदी किनारे कृषि फार्म गुलो गुलजार होते हैं.पैसा फेंको तमाशा देखो जहां नशाखोरी होती है. वहां होटल से भोजन पहुंचता है सलाद नमकीन लेकर पहुंचते हैं. सेवादार जिस्मफरोशी भी होती है बाहर से युवतियां आती हैं रात भर रहती हैं सुबह अच्छी खासी रकम लेकर चलती बनती है.यह धंधा नगर में वर्षों से चल रहा है.पूंजीपतियों की औलादें रात्रि के समय हिंसक हो जाती है.लड़ने मारने तैयार रहते हैं नोट खर्च करते हैं सभी नतमस्तक हो जाते हैं.इस और भी ध्यान देने की जरूरत है इससे भी अपराधिक गतिविधियां बढ़ती हैं.**

बदमाशों की गतिविधियों पर अंकुश कैसे लगे पुलिस को बैठक आयोजित कर जनता से सुझाव लेना चाहिए.गंजबासौदा नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बदमाशों की गतिविधियां बरकरार हैं.गिरफतारियां भी हो रही हैं पुलिस सक्रिय भी है. इसके बाद भी अपराधों में कमी नहीं आ रही है. गली कूचों के बदमाश जो कुछ नहीं करते केवल घूमते हैं दिनभर और मोहल्ले की गलियों में रंगदारी करते हैं.यह भी एक बीमारी है.कैसे नाम चर्चित रहे.

### पढ़ाई के नाम आते हैं घर से

ग्रामीण क्षेत्र के युवक गांव से आते हैं.पढ़ाई के नाम पर स्कूल कॉलेज जाते नहीं है.विद्यालयों की प्रचार हेड मास्टर शिक्षक भी नहीं चाहते कि वह यहां आकर विद्यालय का माहौल खराब करें इसलिए उनसे कुछ नहीं कहा जाता. खूब घूमो करो दादागिरी हमें बचने दो यह स्थिति बनी हुई है छुरा चाकू तमंचा जेब में रख कर घूमते हैं.अच्छे साधन संपन्न किसानों के बच्चे होने के नाते उन्हें भय भी नहीं रहता जमानत हो ही जाती है.गवाही देने वाले पुलिसकर्मी फिलहाल तो तैयार कर लेते हैं.बाद में वह गवाही देने नहीं पहुंचते.इन सब कारणों के चलते बदमाशों के हौसले बुलंद रहते हैं.बड़ी संख्या में बदमाश राजनीतिक संगठनों तथा अन्य चर्चित संगठनों से जुड़े हुए हैं.इस कारण उन पर कड़ी कार्रवाई नहीं हो पाती फोन आने लगते हैं यह हमारा आदमी है क्यों पकड़ लिया. सड़कों पर आंदोलन होगा ऊपर शिकायत होगी. इस तरह यह लोग पुलिस को भी धमकी देते हैं.पुलिस भी सोचती है कौन इनसे उलझे यह बदमाश चंदा भी एकत्रित करते हैं.दुकानदारों से तथा सेठ साहूकारों से कार्यक्रम आयोजित करने के नाम पर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को चाहिए कि वह गोपनीय ढंग से इन बदमाशों को सूचीबद्ध करे और गतिविधियों को गृहमंत्री, आईजी डीआईजी को भेजें और अपराध बढ़ने के कारणों का उल्लेख करे ताकि ऊपर वालों को इन बदमाशों के कारनामों का पता चले और पुलिस को पूरी छूट दी जावे कार्रवाई करने की तभी गंजबासौदा में अपराध रुकेंगे.ब्लैकमेल के धंधों पर अंकुश लगेगा.यह सब नहीं किया तो अपराधों में कमी नहीं आएगी.

# होटलों में गूंजता डीजे, छात्रों की पढ़ाई पर पड़ रहा असर

**न्यायालय की गाइडलाइन भी बेअसर**

नवभारत न्यूज
**16 फरवरी सांची,सांची और विदिशा के बीच लगभग आठ किलोमीटर का फासला अब कागज़ों तक सीमित रह गया है. इस मार्ग पर तेजी से विकसित हो रही बड़ी-बड़ी होटलों और गार्डनों ने दोनों क्षेत्रों को लगभग जोड़ दिया है. कृषि भूमि पर बने इन विवाह स्थलों में इन दिनों शादी-विवाह कार्यक्रमों की भरमार है, लेकिन इन आयोजनों में बजने वाले तेज डीजे और ध्वनि यंत्र आसपास के गांवों के छात्रों के भविष्य पर सवाल खड़े कर रहे हैं.**

जानकारी के अनुसार, सांची-विदिशा मार्ग पर बीते कुछ वर्षों में कृषि भूमि खरीदकर आलीशान होटल और शादी गार्डन तैयार किए गए. इन आयोजनों में देर रात तक तेज आवाज में डीजे और बैंड-बाजों का शोर गूंजता रहता है. इसका सबसे अधिक असर नोनाखेड़ी, कमापार और सांची से सटे अन्य गांवों में देखा जा रहा है. ग्रामीणों का कहना है कि रातभर गूंजती तेज ध्वनि से जहां लोगों की नींद प्रभावित हो रही है, वहीं वार्षिक परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं की पढ़ाई में भी गंभीर बाधा उत्पन्न हो रही है.उल्लेखनीय है कि इन दिनों विद्यालयों की वार्षिक परीक्षाएं चल रही हैं. ऐसे समय में तेज ध्वनि प्रदूषण छात्रों की सालभर की मेहनत पर विपरीत प्रभाव डाल सकता है. ग्रामीणों और अभिभावकों ने चिंता जताते हुए बताया कि लगातार हो रहे आयोजनों से बच्चों की एकाग्रता भंग हो रही है.

### चेतावनी के बाद भी नियमों का नहीं करते पालन

जिला प्रशासन और पुलिस द्वारा भी होटल एवं गार्डन संचालकों को नियमों से अवगत कराते हुए चेतावनी दी गई है. यहां तक कि जिला कलेक्टर द्वारा वार्षिक परीक्षाओं के दौरान ध्वनि नियंत्रण को लेकर निर्देश भी जारी किए गए हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर इनका प्रभाव नजर नहीं आ रहा.ग्रामीणों का आरोप है कि नियमों और आदेशों के बावजूद कुछ संचालक बेखौफ होकर तेज ध्वनि में कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं. यदि समय रहते इस पर सख्ती नहीं बरती गई तो इसका सीधा असर छात्रों के परीक्षा परिणामों पर पड़ सकता है.यदि प्रशासन ने समय रहते ध्वनि प्रदूषण पर लगाम नहीं कसी, तो उत्सव की यह गूंज कई छात्रों के सपनों को दबा सकती है.

**एक नजर में**

## विहिप ने चलाया धर्म रक्षा निधि अभियान

नवभारत न्यूज
**सिरोंज,** विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं धर्म रक्षा निधि अभियान चलाया. इस दौरान उन्होंने घर-घर, दुकान-दुकान जाकर समाजजनों से धर्म रक्षा निधि एकत्रित की. इस दौरान विहिप बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने लोगों को संगठन की नीतियों के बारे में जानकारी दी. इस अवसर पर विभाग, जिला एवं प्रखंड के विहिप बजरंग दल कार्यकर्ता मौजूद रहे.

## हज यात्रियों का टीकाकरण कैंप कल

नवभारत न्यूज
**सिरोंज,** विदिशा जिले से 2026 में हज पर जाने वाले हज यात्रियों के लिए जिला स्तरीय टीकाकरण कैंप सिरोंज में आयोजित होगा. जानकारी देते हुए डॉ. रजी खान ने बताया कि 17 फरवरी को सुबह 9.30 बजे से तहसील रोड स्थित बुनियाद गार्डन में टीकाकरण कैंप आयोजित होगा. जिसमें विदिशा जिले के हज यात्रियों का टीकाकरण होगा. जानकारी देते हुए बताया कि 2026 में विदिशा जिले से हज पर जाने वालो में सिरोंज से 53, लटेरी से 15, कुरवाई से 24, गंजबासौदा से 9, नटेरन से 2, ग्यारसपुर से 5, विदिशा से 16 हज यात्री है. लगभग 125 हज यात्री विदिशा जिले से है.

## एरियर राशि का भुगतान करने की मांग

**सिरोंज,** शिक्षकों ने एरियर राशि का भुगतान करने की मांग को लेकर बीईओ उमेश सोनी को सोमवार को एक आवेदन सौंपा. इस दौरान उन्होंने नियमानुसार एरियर राशि का भुगतान कराने की मांग की. इस मौके पर नरेंद्र सिंह सेंगर, अभिषेक नेमा, कैलाश बाबू कुशवाह, मुकेश भावसार, ओमप्रकाश नामदेव आदि मौजूद रहे.

# उमा यश अकादमी विद्यालय में वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण



नवभारत न्यूज
**गंजबासौदा, दिनांक 14 फरवरी शनिवार को त्योंदा रोड स्थित उमा यश अकादमी हाई स्कूल विद्यालय स्वरूप नगर में वार्षिक महोत्सव समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रियंक कानूनगो माननीय सदस्य राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ,क्षेत्रीय विधायक हरि सिंह रघुवंशी ,पंडित हरि ओम दुबे, त्रिवेश लोधी एवं प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष नीलेश चतुर्वेदी एवं रामकृष्ण रघुवंशी आदि उपस्थित रहे.**

कार्यक्रम में पधारे हुए अतिथियों का विद्यालय प्रबंधन एवं बच्चों द्वारा तिलक ,फूलमाला एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया. विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों ने बड़ी ही मनमोहक प्रस्तुतियां प्रस्तुत की जिनमे गणेश वंदना गुरुकुल शिक्षा से लेकर आधुनिक शिक्षा तथा भारत की संपूर्ण संस्कृति और राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुतियां दी गई. ऑपरेशन सिंदूर , मिशनचंद्रयान 3 आदि प्रेरणादायक प्रस्तुतियां नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा दी गई. विद्यालय के वार्षिक महोत्सव आयोजन में जब छोटे-छोटे बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों की छटा बिखेरी तो समस्त पालक गण और अतिथि भाव विभोर हो उठे. कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना व पूजन से हुई कार्यक्रम में गत वर्ष हुई खेल प्रतियोगिताओं में विजेता टीम तथा बच्चों को मुख्य अतिथि प्रियंक कानूनगो एवं विद्यालय संचालक बृजेश रघुवंशी तथा अतिथियों द्वारा ट्रॉफी ,मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया और मुख्य अतिथि प्रियंक द्वारा विद्यालय के बच्चों को सोशल मीडिया तथा मोबाइल के 10 प्रभावों के बारे में बड़े ही अच्छे ढंग से समझाया गया और बताया गया कि, मोबाइल का उपयोग कब और कितना करना चाहिए. क्षेत्रीय विधायक हरि सिंह ने स्कूल प्रबंधन एवं नन्हे मुन्ने बच्चों को सफल आयोजन की बधाई दी एवं बच्चों के प्रयासों की सराहना की. कार्यक्रम के अतिथि पंडित हरि ओम जी दुबे ने बच्चों को बधाई देते हुए बताया कि ,इस तरह के आयोजनों से निश्चित ही बच्चों का समग्र विकास होता है. सभी विद्यालयों में इस प्रकार के आयोजन होते रहना चाहिए, आयोजन का संपूर्ण मंच संचालन छोटी-छोटी बच्चियों आस्था रघुवंशी ,सिद्धि रघुवंशी छाया मीना और पूनम छारी के द्वारा किया गया जो कि नगर में चर्चा और बड़े ही प्रशंसा का विषय रहा. अंत में विद्यालय संचालक बृजेश रघुवंशी एवं विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती पूजा डांगी एवं शैलेंद्र रघुवंशी द्वारा समस्त पधारे हुए अतिथियों, मीडिया कर्मियों एवं पालकगणों का आभार व्यक्त किया गया. उक्त आयोजन में विद्यालय परिवार की प्राचार्य श्रीमती पूजा दांगी शैलेंद्र रघुवंशी, रचना मीणा प्रेरणा महावर, आरती कुर्मी, अवंतिका रघुवंशी, खेल प्रशिक्षक मनीष अहिरवार, नृत्य शिक्षिका अंजलि अहिरवार छाया कुशवाह ,मोना कुर्मी ,शिल्पी दांगी ,अवंतिका अहिरवार, ज्योति कुशवाहा आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

## विकासखंड स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता 18 फरवरी को

नवभारत न्यूज
**सिरोंज,** नवाचार अंतर्गत पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने हेतु विकासखंड स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 18 फरवरी को सांदीपनि विद्यालय छात्रावास मैदान पर प्रात: 10 बजे से शुरू किया जावेगा. इस संबंध में जानकारी देते हुए केशव शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में 25 वर्ष तक के ग्रामीण क्षेत्र बालक वर्ग के खिलाड़ी सम्मिलित होंगे. विकासखंड स्तर पर विजेता बालक वर्ग की टीम जिला स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में सम्मिलित होगी. जिला स्तर पर प्रथम पुरस्कार 21 हजार, द्वितीय पुरस्कार 11 हजार, तृतीय पुरस्कार 5 हजार 100 एवं सांत्वना पुरस्कार 1 हजार 100 प्रदान किया जावेगा. प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए 17 फरवरी तक टीम की सूची भेज कर पंजीयन कराया जा सकेगा.

# मंदिर में तोड़फोड़ मामले के खुलासे पर पुलिस टीम सम्मानित



नवभारत न्यूज
**सिरोंज, क्षेत्र के ग्राम गोपालनगर स्थित लगभग एक हजार वर्ष प्राचीन भगवान विष्णु मंदिर में मूर्ति खंडित करने की घटना का पुलिस ने त्वरित खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. इस कार्रवाई पर क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा ने पुलिस टीम को बधाई देते हुए सम्मानित किया.**

विधायक शर्मा ने कहा कि धार्मिक आस्था से जुड़े ऐसे मामलों में तत्परता और गंभीरता से कार्रवाई होना अत्यंत आवश्यक है. उन्होंने मामले का शीघ्र खुलासा करने पर पुलिस अधिकारियों और जवानों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया. इस अवसर पर एसडीओपी सिरोंज सोनू डावर, एसडीओपी लटेरी अमरेश बोहरे, थाना प्रभारी सिरोंज निरीक्षक विमलेश राय, थाना प्रभारी दीपाखेड़ा प्रकाश भिलाला, थाना प्रभारी मुरवास लक्ष्मण डावर तथा थाना प्रभारी मुगलसराय के.के. पवार सहित पूरी पुलिस टीम को बधाई दी गई.

# महाशिवरात्रि पर शंकर अखाड़े के दंगल में पहलवानों ने दिखाया दमखम

- प्रदेश भर के दिग्गज जुटे, महाशिवरात्रि पर गूंजा जय श्री राम

नवभारत न्यूज
**विदिशा, महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शंकर अखाड़ा चरणतीर्थ द्वारा एक विशाल कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया. यह दंगल उस्ताद स्वर्गीय अनिल चाचा की पावन स्मृति में आयोजित हुआ, जिसमें प्रदेश भर के पहलवानों ने अपनी ताकत और दांव-पेंच का लोहा मनवाय. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक मुकेश टंडन, नगरपालिका अध्यक्ष राकेश शर्मा, विशिष्ट समाजसेवी श्यामसुंदर शर्मा, मनोज कटारे और दीपक तिवारी उपस्थित रहे.**

अतिथियों ने पहलवानों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल और परंपरा के संगम की सराहना की. दोपहर 3 बजे से शुरू हुआ यह दंगल रात 9:30 बजे तक चला. इसमें इंदौर, ग्वालियर, भोपाल, जबलपुर ,सीहोर, आष्टा हरदा और सागर समेत कई जिलों से आए 84 पहलवानों ने हिस्सा लिया. 4 अलग-अलग वजन वर्गों में कुल 92 कुश्तियां लड़ी गई. प्रतियोगिता में 50 किलोग्राम भार वर्ग में अजय प्रताप दतिया ने प्रथम, आशीष भास्कर हरदा ने द्वितीय और विजय साहू सीहोर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया. 60 किलोग्राम वर्ग में इंदौर के हितेश कुशवाह पहले, आष्टा के पृथ्वीराज ठाकुर दूसरे और सीहोर के आलोक प्रजापति तीसरे स्थान पर रहे. 70 किलोग्राम वर्ग में सीहोर के सौरभ परमार ने प्रथम, रायसेन के दिव्यांश मीणा ने द्वितीय और सागर के दीपक यादव ने तृतीय स्थान अर्जित किया.

# चांदी के रथ में सवार होकर निकले श्रीजी



**झंडवा में वार्षिक विमानोत्सव संपन्न**

नवभारत न्यूज
**सिरोंज, जैन समाज द्वारा क्षेत्र के ग्राम झंडवा में पूज्य मुनिश्री 108 दुर्लभ सागर जी महाराज के सानिध्य में वार्षिक विमानोत्सव का आयोजन किया गया. जिसमें चांदी के रथ में सवार होकर श्रीजी ग्राम के मुख्य मार्गो से होकर निकले.**

इस मौके पर चलसमारोह अतिशय तीर्थक्षेत्र झंडवा से प्रारंभ हुआ. चलसमारोह में आकर्षक रूप से सजे चांदी के रथ पर श्रीजी भगवान विराजित होकर निकले. चलसमारोह में आकर्षक बैंड बाजे भी शामिल थे. इस मौके पर ग्राम में जगह-जगह श्रद्धालुओं एवं विभिन्न संगठनों के लोगों द्वारा श्रीजी की आरती की गई. एवं मुनिश्री की चरण वंदना की गई. इस दौरान ग्राम में जगह-जगह आकर्षक रंगोली सजाई गई. चलसमारोह गांव के मुख्य मार्गो से होता हुआ पुन: अतिशय तीर्थक्षेत्र झंडवा पहुंचा. इस मौके पर श्रीजी का अभिषेक एवं शांतिधारा संपन्न हुई. इस दौरान मुनिश्री के मंगल प्रवचन भी हुए. इस अवसर पर विधायक उमाकांत शर्मा ने कार्यक्रम में सम्मिलित होकर मुनिश्री की चरण वंदना की. इस मौके पर उन्होंने विधायक निधि से मंदिर निर्माण हेतु 10 लाख की राशि देने की घोषणा की. इस दौरान बड़ी संख्या में सिरोंज, गुना, अशोकनगर, राजपुर सहित विभिन्न क्षेत्रों से समाजजन मौजूद रहे.

# हैदरगढ़ में धूमधाम से निकली शिव बारात



नवभारत न्यूज
**हैदरगढ़, ग्राम हैदरगढ़ में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर सकल हिन्दू समाज के द्वारा शिव बारात निकाली गई.शिव बारात पंगा बाबा मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए राज मंदिर पर बारात का समापन किया गया.**

शिव बारात में डी जे पर बाबा के भजनों पर जमकर थिरके श्रद्धालु शिव बारात में गांव के सभी गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे.सुबह से ही शिव मंदिरों पर शिवालय में श्रद्धालुओं का सुबह से ही ताता लगा रहा. यहां पर भक्तों के द्वारा बाबा का अभिषेक किया गया एवं मंदिर पर दिन भर बाबा के दर्शन का कार्यक्रम चलता रहा.

**आक्रोश** | **विदिशा और सिरोंज में वकील न्यायालयीन काम से रहे दूर, सौंपा ज्ञापन**

# अधिवक्ता की हत्या से वकीलों में रोष, मुआवजा और सुरक्षा कानून की मांग



नवभारत न्यूज
**15 फरवरी विदिशा/ सिरोंज, शिवपुरी जिले की करैरा तहसील में अधिवक्ता स्व. संजय कुमार सक्सैना की हत्या के बाद पूरे प्रदेश में अधिवक्ता समुदाय में आक्रोश व्याप्त है. इस मामले को लेकर अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम ज्ञापन सौंपते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की है, जिसे कलेक्टर के माध्यम से भेजा गया. ज्ञापन में बताया गया कि 14 फरवरी 2026 को करैरा में अज्ञात हमलावरों ने अधिवक्ता पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर उनकी हत्या कर दी, जिससे कानून व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं.**

अधिवक्ताओं का कहना है कि हाल के वर्षों में मध्य प्रदेश सहित देशभर में वकीलों पर हमलों की घटनाएं बढ़ी हैं. इसी घटना के विरोध में मध्यप्रदेश राज्य बार परिषद के आह्वान पर 16 फरवरी को अधिवक्ताओं ने एक दिन न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया. ज्ञापन में प्रमुख मांगें रखते हुए अधिवक्ताओं ने मृतक के परिवार को एक करोड़ रुपये का मुआवजा, एक आश्रित को सरकारी नौकरी और सभी आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। साथ ही अधिवक्ता सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की बात भी कही गई है. अधिवक्ता संघ ने चेतावनी दी है कि यदि मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो प्रदेशभर के अधिवक्ता राजधानी भोपाल में धरना-प्रदर्शन और अनशन करने को मजबूर होंगे.

### एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग



सिरोंज में म.प्र. के अधिवक्ताओं पर बार-बार हो रहे आपराधिक हमलों एवं करैरा में अधिवक्ता संजय कुमार सक्सेना की अपराधियों द्वारा गोली मारकर हत्या करने के विरोध में सोमवार को अभिभाषक संघ सिरोंज के अभिभाषक न्यायालयीन कार्य से विरत रहे. इस दौरान अभिभाषक संघ सिरोंज के तत्वाधान में अभिभाषकों ने म.प्र. के अधिवक्ताओं पर बार-बार हो रहे आपराधिक हमलों के संबंध में उचित कार्यवाही करने एवं एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार संजय चौरसिया को एक ज्ञापन सौंपा. म.प्र. राज्य अधिवक्ता परिषद लंबे समय से अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिये राज्य शासन से एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग कर रही है. परंतु इस संबंध में अभी तक कोई भी प्रयास शासन द्वारा नहीं किया गया है. इस दौरान घनश्याम शरण त्यागी, सचिन शर्मा, अशोक शर्मा, अवध नारायण श्रीवास्तव, ओमप्रकाश शर्मा, काशीराम रघुवंशी, रामस्वरूप यादव, महेश नेमा, अमित रघुवंशी, अंकित धाकड़ सहित कई अभिभाषक मौजूद रहे.

## पत्रकार आदेश बड़सरे के पिताजी का निधन

नवभारत न्यूज
**सिरोंज,** शहर के पत्रकार आदेश



बड़सरे, निर्देश बड़सरे, संदेश बड़सरे के पिताजी पटवारी मूलचंद बड़सरे का रविवार को आकस्मिक निधन हो गया. इस मौके पर सोमवार को उनकी अंतिम यात्रा उनके निज निवास लटेरी नाका से तहसील रोड स्थित मुक्तिधाम के लिए निकाली गई. जिसमें बड़ी संख्या में पत्रकारों, समाजसेवियों, गणमान्य नागरिकों ने शामिल होकर उनको श्रृद्धांजलि अर्पित की. इस मौके पर आयोजित श्रृद्धांजलि सभा में समाजसेवी राकेश सक्सेना ने बताया कि उन्होंने बचपन में संघर्ष कर शिक्षा ग्रहण की. इस दौरान लोगों ने दो मिनट का मौन धारण कर उनको श्रृद्धांजलि अर्पित की.

विकास पचौरी रेडियो
84 35 250 250
मोबाइल के प्ले स्टोर पर
Vikas Pachori Radio
टाइप करके इंस्टॉल कीजिए
और लगातार 24 घण्टे
आनंद लीजिए.